# रोहतक भूमि




# नहर बेपटरी...खेत पानी-पानी



## बैंसी-लाखनमाजरा गांव के पास टूटी भिवानी सब ब्रांच नहर, सैकड़ों एकड़ में फसल डूबी

**35 किलोमीटर लाइनिंग पर 98 करोड़ रुपये खर्च**

भिवानी सब ब्रांच की 35 किलोमीटर लाइनिंग पर सरकार लगभग 98 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इस हिसाब से प्रति किलोमीटर औसतन करीब 2.8 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। किसानों का कहना है कि इतनी बड़ी सार्वजनिक राशि खर्च होने के बावजूद यदि नहर टूटती है तो निर्माण कार्य, गुणवत्ता नियंत्रण और तकनीकी निरीक्षण की स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। उनका कहना है कि केवल टूटे हिस्से की मरम्मत करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि पूरी परियोजना के गुणवत्ता मानकों की भी समीक्षा होनी चाहिए।

### किसानों को भारी नुकसान

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** बैंसी-लाखनमाजरा गांव के पास (आरडी-44000-एल) गुरुवार सुबह भिवानी सब ब्रांच नहर की करीब 50 से 60 फुट पटरी टूटने से सैकड़ों एकड़ में फसल जलमग्न हो गई। तेज बहाव का पानी खेतों में फैलने से किसानों को भारी नुकसान हुआ। घटना के बाद सिंचाई विभाग ने नहर का पानी पीछे से बंद कर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया, लेकिन इस घटना ने विभाग की निर्माण गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि जिस भिवानी सब ब्रांच पर यह घटना हुई, उसी नहर की 35 किलोमीटर लाइनिंग पर सरकार लगभग 98 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। यानी प्रति किलोमीटर करीब 2.8 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहा है।

### सूचना के एक घंटे बाद पहुंची टीम

गांव लाखनमाजरा के किसान प्रदीप, राकेश व अन्य ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद नहरी विभाग की टीम करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। उनका कहना है कि यदि समय रहते पानी बंद कर दिया जाता तो फसलों का नुकसान काफी कम हो सकता था। किसानों ने प्रभावित क्षेत्र का तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही उनका कहना है कि करोड़ों रुपये की लाइनिंग परियोजना के दौरान नहर का टूटना निर्माण गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। किसानों के अनुसार किसी भी नहर की पटरी अचानक नहीं टूटती, बल्कि समय पर निरीक्षण, रखरखाव और तकनीकी निगरानी में कमी भी इसके कारण हो सकते हैं।

### ऐसे चला घटनाक्रम

सुबह करीब साढ़े सात बजे नहर की पटरी में पहले दरार आई और कुछ ही देर में करीब 50 से 60 फुट का हिस्सा टूट गया। तेज बहाव का पानी आसपास के खेतों में फैल गया और देखते ही देखते सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंच गए। इसके बाद सिंचाई विभाग की टीम ने पीछे से पानी बंद कर राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू कराया।



जहां तक नजर जाए, वहां तक पानी

### विभाग बोला, जांच होगी, ताकि दोबारा न हों ऐसी घटनाएं

नहरी विभाग के कार्यकारी अभियंता अरुण मुंजाल ने बताया कि सूचना मिलते ही विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया और नहर का पानी पीछे से बंद कराया गया। क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है तथा प्रयास है कि नहर में जल्द दोबारा पानी छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि नहर प्राकृतिक कारणों से टूटी या इसके पीछे कोई अन्य वजह रही। यदि किसी प्रकार की जानबूझकर की गई छेड़छाड़ सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल राहत एवं मरम्मत कार्य जारी है। किसानों की मांग है कि फसल नुकसान का शीघ्र मुआवजा देने के साथ-साथ नहर निर्माण, लाइनिंग कार्य, रखरखाव और निगरानी व्यवस्था की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



नहर कटाव रोकने में जुटे ग्रामीण

---

## खबर संक्षेप

### देशी पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** सदर थाना पुलिस ने रोहित उर्फ डॉक्टर पुत्र राजवीर निवासी टिटौली को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### सांघी में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** सांघी गांव में खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से सामान चोरी हो गया। गांव के राकेश की शिकायत पर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया है। राकेश ने बताया कि उसके और पड़ोसी रघुवीर पुत्र पूर्ण के खेत में ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन है। सुबह वह और रघुबीर का बेटा बंटू खेत पहुंचे तो ट्रांसफार्मर पोल से नीचे गिरा मिला और उसका सारा सामान गायब था। पुलिस ने विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

फिल्मी स्टाइल में दिनदहाड़े हुई वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल

## कलानौर में पहले कार से स्कूटी उड़ाई, फिर टॉयलेट में छिपे युवक पर कट्टे से किया फायर

*लोहे का गेट चीर हाथ को छूकर निकली गोली चारों हमलावर फरार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर वार्ड-4 के काली कमली मंदिर चौक पर कुछ मिनटों तक ऐसा घटनाक्रम चला, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। तेज रफ्तार कार ने पहले स्कूटी को टक्कर मारकर दो युवकों को सड़क पर गिराया, फिर चार हमलावर लाठी-डंडे लेकर टूट पड़े।

जान बचाने के लिए एक युवक नगरपालिका के सार्वजनिक शौचालय में घुसकर अंदर से बंद हो गया, लेकिन हमलावर यहीं नहीं रुके। आरोप है कि एक बदमाश ने देसी कट्टे से शौचालय के लोहे के दरवाजे पर फायर कर दिया। गोली दरवाजा चीरते हुए युवक के हाथ को छूकर निकल गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।





अस्ताल में उपचाराधीन घायल और मौके पर जांच करते एफएसएल टीम डॉ सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी।

### दोनों पर लाठी-डंडों से हमला

वार्ड-4 निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त मनोज के साथ स्कूटी पर अपने प्लॉट से घर लौट रहा था। काली कमली मंदिर चौक के पास पहुंचते ही सामने से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर गए। आरोप है कि कार से चार युवक उतरे और बिना कुछ कहे दोनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान मोहित किसी तरह जान बचाकर पास स्थित नगरपालिका के सार्वजनिक शौचालय में घुस गया और अंदर से कुंडी लगा ली। हमलावर पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गए। आरोप है कि एक युवक ने देसी कट्टे से दरवाजे पर फायर कर दिया। गोली लोहे का दरवाजा भेदते हुए मोहित के हाथ को छूकर निकल गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।

### घायल को नागरिक अस्पताल पहुंचाया

घायल मोहित और मनोज को तुरंत उपमंडल नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। सूचना मिलते ही कलानौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम भी बुलाई गई। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और फायरिंग में इस्तेमाल हथियार का एक खाली खोल बरामद कर जांच के लिए कब्जे में ले लिया।

### आरोपितों की तलाश में लगातार दबिश

कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित मोहित की शिकायत पर तीन नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है।

---

## होमवर्क पूरा नहीं होने पर घर से भागे दो स्कूली बच्चे, रात डेढ़ बजे रोहतक बस स्टैंड पर मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

**बस स्टैंड के पास बने चौधरी छोटूराम पार्क के बाथरूम में स्कूल बैग छिपाकर दिनभर रोहतक और बहादुरगढ़ के बीच घूमते रहे दोनों**

बुधवार को मोखरा गांव से दो स्कूली बच्चे लापता हो गए थे। पिता ने इसकी शिकायत पुलिस को दी थी। पुलिस और परिजन दिनभर दोनों बच्चों को ढूंढते रहे, लेकिन देर रात तक बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। रात को डेढ़ बजे पिता के फोन की घंटी बजी तो और पता चला कि बच्चे सुरक्षित हैं। दरअसल जून की छुट्टियों के बाद 1 जुलाई को स्कूल खुले थे।

मोखरा निवासी दोनों बच्चों ने छुट्टियों का होम वर्क नहीं किया था। उन्हें डर था कि आज स्कूल में टीचर उन्हें डांटेंगे। इसी डर से दोनों बच्चे स्कूल नहीं गए। घर पर परिवार वालों के डर के कारण नहीं रुके और घर से भाग गए। जब बच्चे स्कूल से घर नहीं पहुंचे तो बच्चों के पिता ने इसकी शिकायत बहु अकबरपुर थाने में दी। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि उसके दो लड़के हैं। एक 14 साल और दूसरा 10 साल का है। दोनों मदीना के एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं और छठी कक्षा में पढ़ते हैं।

### सुबह 7 बजे निकले थे घर से

1 जुलाई को वे दोनों सुबह 7 बजे तैयार होकर स्कूल के लिए निकले थे। स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चे घर नहीं पहुंचे। तो उन्हें पता चला कि बच्चे आज स्कूल ही नहीं पहुंचे। जब उनकी तलाश शुरू की तो गांव के बस स्टैंड के पास बने चौधरी छोटूराम पार्क के बाथरूम में उनके स्कूल बैग मिले हैं। पुलिस ने पिता की शिकायत पर दोनों बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन देर रात तक दोनों बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला।

### रात को डेढ़ बजे पुलिस का फोन आया तो बच्चों को लेने रोहतक बस स्टैंड पर पहुंचे परिजन

बच्चों के लापता हो जाने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। पुलिस भी बच्चों की तलाश में देर रात तक खाक छान रही थी। लेकिन देर रात तक बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। डेढ़ बजे बच्चों के पिता के मोबाइल फोन की घंटी बजी। पुलिस ने बताया कि उनके दोनों बच्चे सुरक्षित हैं और फिलहाल रोहतक बस अड्डे पर हैं। पिता ने बताया कि दोनों बच्चे होम वर्क न किए जाने की वजह से डर के मारे रोहतक चले गए। उसके बाद वे बहादुरगढ़ चले गए। वे दिनभर रोहतक और बहादुरगढ़ में घूमते रहे। रात को वे बहादुरगढ़ से रोहतक पहुंच गए। रात को डेढ़ बजे उन्होंने रोहतक के नए बस स्टैंड पर एक बुजुर्ग से भाड़े के पैसे मांगे। बुजुर्ग ने पूछा कि उन्हें कहां जाना है, तो बच्चों ने बताया कि उन्हें मोखरा गांव में अपने घर जाना है। बुजुर्ग ने देखा कि बच्चे अकेले हैं और रात बहुत हो गई है। उन्हें मामला संदिग्ध लगा। उन्होंने 112 नंबर पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बच्चों से पिता का मोबाइल नंबर पूछकर फोन कर दिया। बच्चे घर पहुंचे तब जाकर परिवार ने राहत की सांस ली।

---

**उम्मीद** | परीक्षण सफल रहने पर जल्द यात्रियों के लिए हो सकती है शुरू

## रोहतक-जींद रेलखंड पर 115 किमी प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का रोहतक-जींद रेलखंड पर ट्रायल किया गया। परीक्षण के दौरान ट्रेन को करीब 115 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रायल का उद्देश्य ट्रेन की गति, सुरक्षा, तकनीकी क्षमता और परिचालन प्रणाली का परीक्षण करना है। ट्रायल के दौरान रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञों और अधिकारियों की टीम ने ट्रेन के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखी।



### ट्रेन पर्यावरण हितैषी

हाइड्रोजन से संचालित ट्रेनें पारंपरिक डीजल ट्रेनों की तुलना में अधिक पर्यावरण हितैषी मानी जाती हैं। इनमें ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का उपयोग होता है, जिससे प्रदूषण में कमी आती है और कार्बन उत्सर्जन लगभग नगण्य रहता है। यही कारण है कि भारतीय रेलवे भी इस तकनीक पर तेजी से काम कर रहा है।

### गति, ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की कार्यक्षमता, ट्रैक पर स्थिरता का किया परीक्षण

ट्रायल के दौरान ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की कार्यक्षमता, ट्रैक पर स्थिरता तथा अन्य तकनीकी पहलुओं का परीक्षण किया गया। प्राप्त तकनीकी आंकड़ों का परीक्षण किया जाएगा। सभी मानकों पर ट्रेन के सफल पाए जाने के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी कर इसे नियमित संचालन के लिए तैयार किया जाएगा। हाइड्रोजन ट्रेन का सफल संचालन भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे देश में स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ रेल परिवहन को नई गति मिलेगी।आने वाले समय में हाइड्रोजन ट्रेन को नियमित रूप से यात्रियों के लिए संचालित किया जा सकता है। इसके शुरू होने से रोहतक और जींद के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

**-बलराम मीणा,** स्टेशन अधीक्षक, रेलवे स्टेशन

---

## एक कॉल और खाते से निकले 50 हजार रुपये

रोहतक। शहर की ओमैक्स सिटी निवासी एक युवक साइबर ठगों का शिकार हो गया। अज्ञात साइबर अपराधियों ने उसके क्रेडिट कार्ड से पांच अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर कुल 50,508 रुपये निकाल लिए। घटना का पता मोबाइल पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आने के बाद चला। पीड़ित ने तुरंत अपना कार्ड ब्लॉक कराया और मामले की शिकायत पुलिस को दी। आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में ओमैक्स सिटी निवासी दिनेश ने बताया कि 15 जून को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से लगातार कॉल आ रही थीं। इसी दौरान उसके आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से पांच बार में कुल 50,508 रुपये की राशि निकाल ली गई। कुछ ही देर बाद मोबाइल पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आए, तब उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। इसके बाद उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क कर क्रेडिट कार्ड बंद कराया, ताकि आगे कोई और ट्रांजेक्शन न हो सके। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी का कहना है कि कॉल डिटेल, बैंक ट्रांजेक्शन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

## पूर्व बार प्रधान लोकेंद्र फौगाट की अग्रिम जमानत पर फैसला आज

**धोखाधड़ी के आरोप में आर्य नगर थाना में दर्ज है मुकदमा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान लोकेंद्र फौगाट की अग्रिम जमानत पर बृहस्पतिवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसला शुक्रवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। प्रधान लोकेंद्र फौगाट की तरफ से अदालत में अधिवक्ता जितेंद्र हुड्डा ने पैरवी की। मामला आर्य नगर थाना में दर्ज धोखाधड़ी के केस से जुड़ा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ता दीपक हुड्डा, प्रधान जिला बार एसोसिएशन रोहतक, द्वारा इस संबंध में विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में बार एसोसिएशन के वित्तीय लेन-देन में गंभीर अनियमितताओं, रिकॉर्ड में कथित फेरबदल, वित्तीय प्रक्रियाओं की अनदेखी तथा बड़ी धनराशि के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए यह प्रकरण पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा, जहां माननीय न्यायालय ने 2026 में पुलिस अधीक्षक, रोहतक को शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उचित आदेश पारित करने के निर्देश दिए थे।

हाईकोर्ट के आदेशों एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के पश्चात मामले की विस्तृत जांच करवाई गई। जांच के दौरान ऑडिट रिपोर्ट, बैंक लेजर, भुगतान रिकॉर्ड, चेक विवरण, बिल एवं अन्य वित्तीय दस्तावेजों का तकनीकी एवं तथ्यात्मक परीक्षण किया गया। पुलिस जांच में कई गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताएं उजागर हुईं।

जांच के बाद थाना आर्य नगर, रोहतक में धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आर्य नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऐसा न करें....

## जल और पर्यावरण का नुकसान और भगवान का अपमान नहीं करें




# आस्था के नाम पर नहरों को न बनाएं कूड़ाघर

**सुनो नहरों की पुकार' टीम कर रही जागरूक, फिर भी नहीं मान रहे लोग**

**धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी**

**रोहतक।** धार्मिक आस्था और पूजा-पाठ के नाम पर नहरों को लगातार प्रदूषित किया जा रहा है। पूजा-अर्चना के बाद लोग देवी-देवताओं की मूर्तियां, माता के नाम की चुनरियां, फूल-मालाएं और अन्य पूजा सामग्री नहरों के किनारों पर छोड़कर चले जाते हैं। इससे नहरों के आसपास गंदगी और कीचड़ का अंबार लग रहा है। नहरों के किनारों पर कई स्थानों पर भगवानों की खंडित मूर्तियां, माता की चुनरियां, अगरबत्ती के पैकेट, दीपक, फूल-मालाएं और अन्य धार्मिक सामग्री बिखरी दिखाई देती है। यह दृश्य न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी उचित नहीं माना जाता। खुले में पड़ी यह सामग्री धीरे-धीरे सड़ने लगती है, जिससे आसपास गंदगी फैलती है और दुर्गंध भी उत्पन्न होती है।

### स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी

पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही 'सुनो नहरों की पुकार' टीम लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। लोगों को समझाया जाता है कि धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए पर्यावरण और जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

### लोग नहीं हो रहे जागरूक

लोग जागरूकता अभियान को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कई श्रद्धालु पूजा समाप्त होने के बाद सामग्री को वहीं छोड़कर चले जाते हैं। इससे नहरों के किनारों पर गंदगी बढ़ती है और सफाई व्यवस्था पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि नहरें केवल सिंचाई का साधन ही नहीं हैं, बल्कि जल संरक्षण का भी महत्वपूर्ण स्रोत हैं। यदि इनमें या इनके आसपास लगातार इस प्रकार की सामग्री डाली जाती रही तो जल स्रोतों की स्वच्छता और पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए लोग पूजा सामग्री के उचित निस्तारण की व्यवस्था करें। खाने योग्य सामग्री जरूरतमंदों, गोशालाओं या पशुओं के लिए उपयोग करें।

# बढ़ती चोरियों पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा, कड़ी कार्रवाई की मांग



सांपला। डीएसपी राकेश कुमार से मिलते नगर पालिका चेयरमैन प्रवीण कोच और व्यापारी प्रतिनिधिमंडल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सांपला में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर गुरुवार को व्यापारियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। नगर पालिका चेयरमैन प्रवीण कोच के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपी राकेश कुमार से मुलाकात कर पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाए और कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होना पड़ेगा। व्यापारियों ने डीएसपी के समक्ष कहा कि एक के बाद एक हो रही चोरी की घटनाओं ने पूरे बाजार में भय और असुरक्षा का माहौल बना दिया है। उनका आरोप था कि पहले हुई चोरियों के बाद भी रात्रि गश्त में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ, जिसका फायदा उठाकर चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की ढीली कार्यप्रणाली के कारण व्यापारियों का भरोसा कमजोर होता जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले करीब दस दिनों में मुख्य बाजार, झज्जर रोड और खरखौदा रोड पर सात दुकानों में चोरी हो चुकी है। इन वारदातों में लाखों रुपये की नकदी और सामान चोरी हुआ, लेकिन अभी तक कोई भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और सुरक्षा व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। डीएसपी राकेश कुमार ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि सांपला पुलिस चौकी में जल्द अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी और रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देने वाली संदिग्ध गाड़ी पर लगी पंजाब नंबर की प्लेट फर्जी पाई गई है। जांच के लिए रोहतक की स्पेशल टीम को भी लगाया गया है।

# 14 जुलाई से पहले एसआईआर फॉर्म भरें अंतिम तिथि का इंतजार न करें : खरक

- भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी की मतदाताओं से अपील–समय रहते एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करें, हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए



शमशेर सिंह खरक

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है। खरक ने बताया कि हरियाणा में यह अभियान 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से आग्रह किया कि वे 14 जुलाई से पहले अपना एन्यूमरेशन फॉर्म बूथ लेवल अधिकारी अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित माध्यम से अवश्य जमा करें, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि है। इसके बाद 21 जुलाई को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर मिलेगा, जबकि 22 सितंबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। शमशेर सिंह खरक ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण निर्वाचन आयोग की नियमित एवं संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना तथा मृत, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टियों को हटाकर सूची को अधिक शुद्ध, विश्वसनीय और पारदर्शी बनाना है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते अपना सत्यापन पूरा करें। सभी 14 जुलाई से पहले अपना फॉर्म भरकर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# मालगोदाम एवं तहसील रोड की होगी कायापलट

## निगम द्वारा जल्द जारी किया जाएगा टेंडर, काम शुरू करवाएंगे, पशु डेयरियों को भी किया जाएगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की जर्जर और बदहाल सड़कों से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। लंबे समय से टूटी सड़कें, जलभराव और सीवर के ओवरफ्लो की समस्या झेल रहे मालगोदाम रोड और तहसील रोड की अब काया पलट होने जा रही है। नगर निगम इन दोनों प्रमुख मार्गों के पुनर्निर्माण के लिए टेंडर जारी करने की तैयारी कर रहा है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि कई बार तकनीकी कारणों के चलते कई बार विकास कार्यों में देरी हो जाती है, लेकिन अब इन दोनों सड़कों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। साथ ही सड़कों पर गोबर और गंदगी फैलाने वाली डेयरियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा उन्हें जल्द कनहेली में प्रस्तावित डेयरी जोन में शिफ्ट कराया जाएगा। शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल मालगोदाम रोड और तहसील रोड की हालत लंबे समय से खस्ताहाल बनी हुई है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, टूटी सड़कें और सीवर का ओवरफ्लो लोगों के लिए रोजाना परेशानी का कारण बन रहा है। विशेष रूप से मालगोदाम रोड पर कई स्थानों पर सालभर डेयरियों से निकलने वाला गोबर और सीवर का पानी जमा रहता है, जिससे सड़क लगातार क्षतिग्रस्त होती जा रही है। बरसात के दिनों में हालात और गंभीर हो जाते हैं। सड़क पर जलभराव होने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और दुपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो जाते हैं। पैदल राहगीरों को भी गंदे पानी के बीच से गुजरने को मजबूर होना पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों और आसपास के लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों को शिकायत दी गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका। सड़क की बदहाली के कारण बाजार आने वाले ग्राहकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे व्यापार प्रभावित होता है।




### कन्हेली शिफ्ट होगा डेयरी जोन



माल गोदाम रोड और तहसील रोड का निर्माण जल्द करवाया जाएगा। इसके लिए एस्टीमेट बनाया जा रहा है और जल्द टेंडर करवाया जाएगा। कई बार तकनीकी कारणों के चलते कई बार विकास कार्यों में देरी हो जाती है, लेकिन अब इन दोनों सड़कों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। साथ ही सड़कों पर गोबर और गंदगी फैलाने वाली डेयरियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा उन्हें जल्द कन्हेली में प्रस्तावित डेयरी जोन में शिफ्ट कराया जाएगा।

-रामअवतार वाल्मीकि, मेयर

### गुणवत्ता का रखा जाएगा विशेष ध्यान

अधिकारियों का कहना है कि एस्टीमेट तैयार करवाया जा रहा है। इस बार निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि भविष्य में सड़क जल्दी खराब न हो। इस समय दोनों सड़कों से रोड़ी उखड़ चुकी हैं और इसकी वजह से दुपहिया वाहन चालक और राहगीर गिर कर घायल होते रहते हैं।




### लोगों ने की थी पानी की निकासी करवाने की मांग

प्रशासन की तरफ से नया बस अड्डा से लेकर रेलवे लाइन सोनीपत रोड पर दोनों तरफ सीमेंट से रोड बनवाया गया था। लेकिन निर्माण में खामी की वजह से यहां बरसात के दिनों में जलभराव देखने को मिलता है। सड़क पानी से भरकर तालाब नजर आती है। पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं होने से की वजह से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि रोड निर्माण के दौरान लोगों ने काम रुकवा कर पानी की निकासी करवाने की भी मांग की थी।




- टूटी सड़कों पर हो रहा जलभराव, दुपहिया वाहन चालक और राहगीर हो रहे गिरकर घायल
- मालगोदाम रोड पर साल भर जमा रहता है सीवर का पानी

### जल निकासी व्यवस्था के साथ किया जाए बेहतर सड़क निर्माण कार्य

लोगों ने सड़क निर्माण कार्य पर विचार रखते हुए कहा कि यदि सड़क का निर्माण बेहतर जल निकासी व्यवस्था के साथ किया जाता है तो वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिल सकती है। बारिश के मौसम में शहर की सभी सड़क तालाब नहीं हुई नजर आती है।

# किसानों को पैक्स के माध्यम से मिल रही खाद, बीज कीटनाशक, घरेलू उत्पाद व सीएससी सेवाए : सुरेश पाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, 29 जून से 6 जुलाई तक देश भर में सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 2 जुलाई 2026 को दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा दी कलानौर बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) में 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक सुरेश पाल ने बताया कि सभी पैक्स का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है। अब किसानों को पैक्स के माध्यम से खाद, बीज, कीटनाशक और घरेलू उत्पादों के साथ-साथ सीएससी व सीएचसी की सेवाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को डिजिटल पेमेंट, माइक्रो एटीएम और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

# मांगें पूरी न होने पर नगर निगम कर्मचारियों का उल्टा झाड़ू प्रदर्शन, बड़े आंदोलन की दी चेतावनी



**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम रोहतक के कर्मचारियों ने गुरुवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर उल्टा झाड़ू प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान शंभू टॉक ने की। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द मांगें पूरी करने की मांग उठाई। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि 1 मई से 14 मई 2026 तक पूरे हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान सरकार और नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के बीच वार्ता हुई थी। इस दौरान 22 सूत्रीय मांगपत्र में से 17 मांगों पर सहमति बनी थी।

# एचएसवीपी कर्मचारी 7 जुलाई को मुख्य प्रशासक कार्यालय पर करेंगे गेट मीटिंग एवं नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) की राज्य कमेटी के आह्वान पर सर्कल कमेटी की बैठक यूनियन कार्यालय में की गई। बैठक की अध्यक्षता सर्किल प्रधान जयभगवान चहल ने की, जबकि मंच संचालन सर्किल सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया। बैठक में राज्य उपप्रधान सत्यवान राठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सत्यवान राठी ने कहा कि पिछले दो वर्षों से यूनियन द्वारा एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक, पंचकूला को कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के संबंध में अनेक बार मांग-पत्र सौंपे जा चुके हैं। यूनियन के शिष्टमंडल की मुख्य प्रशासक के साथ कई दौर की वार्ताएं भी हो चुकी हैं। हर बार मुख्य प्रशासक ने मांगों को जायज मानते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन अधिकांश मांगों का आज तक समाधान नहीं किया गया है। राज्य कमेटी ने आगामी 7 जुलाई को मुख्य प्रशासक कार्यालय, पंचकूला पर गेट मीटिंग एवं नारेबाजी का निर्णय लिया है।

# मांगों पर रोडवेज कर्मियों का प्रदर्शन कमिश्नर आवास तक निकाला रोष मार्च

- कमिश्नर को सौंपा मांगों को लेकर संबंधित ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




**रोहतक।** मांगों के लिए प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, रोहतक डिपो के कर्मचारियों ने वीरवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने दिल्ली बाईपास से रोष मार्च शुरू किया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ मंडल आयुक्त (कमिश्नर) आवास तक पहुंचा। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में चालक, परिचालक तथा अन्य कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी विभिन्न मांगें लंबित पड़ी हैं, लेकिन सरकार और विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें भारी रोष है। कमिश्नर आवास के बाहर प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा।

## पहली क्लब असेंबली में नई टीम का हुआ गठन

# रोटरी क्लब रोहतक सफायर के प्रधान बने संजय पारीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन राजीव बेरीवाल व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

रोटरी क्लब रोहतक सफायर की ओर से दिल्ली रोड स्थित होटल पेज में वर्ष 2026-27 की पहली क्लब असेंबली का आयोजन किया गया। क्लब के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि समारोह में क्लब के सदस्यों के साथ शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सभी अतिथियों का गुलाब की कली भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन राजीव बेरीवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रधान रोटेरियन संजय पारीक ने की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान रोटेरियन विजय तायल, सचिव प्रीक्षित मित्तल, पूर्व सचिव रोटेरियन नीतिन तायल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन सतीश गोयल, पूर्व कोषाध्यक्ष रोटेरियन विकास कंसल, रोटेरियन सीए सुशील जैन, पवन तायल, सुभाष तायल, चंद्र गर्ग, राजीव जैन, नरेश जैन, विनय गोयल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। परंपरा के अनुसार पूर्व प्रधान विजय तायल ने नवनिर्वाचित प्रधान संजय पारीक को, पूर्व सचिव नीतिन तायल ने सचिव प्रीक्षित मित्तल को तथा कोषाध्यक्ष सतीश गोयल को रोटरी पिन पहनाकर नए सत्र का कार्यभार सौंपा। सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नई टीम का स्वागत किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. आर.के. चौधरी, डॉ. सुनील मुंजाल, सुनील जैन, दीपक जिंदल, राजीव जैन, कुलदीप गुप्ता, संजय गुप्ता, गौतम जैन, अनिल बंसल, क्लब के सभी सदस्य, विशेष आमंत्रित अतिथि एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शहर में आज

- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- एमडीयू में गैर शिक्षक संघ की सुबह 11 बजे बैठक
- नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की मीटिंग सुबह 11 बजे।

# अपराधियों पर भारी पुलिस की तीसरी आंख: 6 महीनों में सीसीटीवी फुटेज से 61 मामलों का खुलासा, 90 की जांच अभी जारी

हत्या, लूट, वाहन चोरी व स्नैचिंग जैसे मामलों में कैमरों की फुटेज सबसे अहम सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अलग खबर

शहर की सड़कों, चौकों और बाजारों में खामोशी से नजर रख रही पुलिस की 'तीसरी आंख' अब अपराधियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। पहले जहां वारदात के बाद पुलिस को गवाहों और सुरागों के भरोसे जांच आगे बढ़ानी पड़ती थी, वहीं अब सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग अपराधियों की पहचान से लेकर उनकी गिरफ्तारी तक में अहम भूमिका निभा रही है। शहर में जनवरी से जून तक कैमरों की मदद से 150 मामलों की जांच की गई, जिनमें से 61 मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा हो चुका है, जबकि 90 मामलों की जांच अभी जारी है। एसपी गौरव राजपुरोहित का कहना है कि शहर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटने तक सीमित नहीं हैं। हत्या, लूट, चोरी, स्नैचिंग, वाहन चोरी और सड़क दुर्घटनाओं जैसे गंभीर मामलों में भी कैमरों की फुटेज सबसे अहम सबूत बन रही है। कई मामलों में अपराधियों ने चेहरे छिपाने या पहचान बदलने की कोशिश की, लेकिन कैमरों में कैद गतिविधियों और उनके आने-जाने के रास्तों ने पुलिस को आरोपियों तक पहुंचा दिया।

### 25 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जनवरी से अब तक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जिन 61 मामलों का खुलासा हुआ है, उनमें 30 चोरी, 2 लूट, 6 हत्या, 10 सड़क दुर्घटनाएं, 8 वाहन चोरी, 5 स्नैचिंग तथा अन्य अपराध शामिल हैं। इन मामलों में पुलिस ने फुटेज के आधार पर 25 आरोपियों की पहचान की और 25 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया। कई मामलों में कैमरों की रिकॉर्डिंग ने घटनाक्रम को स्पष्ट कर जांच को सही दिशा देने का काम किया।

### रिकॉर्डिंग 56 दिनों तक सुरक्षित

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कैमरों की रिकॉर्डिंग करीब 56 दिनों तक सुरक्षित रहती है। इसलिए किसी भी घटना की सूचना समय पर मिलने पर फुटेज आसानी से उपलब्ध हो जाती है। यही कारण है कि अब जांच में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है और कई मामलों में प्रत्यक्षदर्शी न मिलने के बावजूद पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में सफल हो रही है।



### कैमरों का बेहतर रखरखाव जरूरी

पुलिस का मानना है कि कैमरों का बेहतर रखरखाव भी उतना ही जरूरी है। शहर में लगे सीसीटीवी की मरम्मत और रखरखाव की जिम्मेदारी नगर निगम के पास है। यदि किसी स्थान का कैमरा खराब हो जाए तो उसकी रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं हो पाती, जिससे जांच प्रभावित हो सकती है। इसलिए पुलिस समय-समय पर खराब कैमरों की जानकारी नगर निगम को भेजती है, ताकि उन्हें जल्द ठीक कराया जा सके।

### संवेदनशील स्थानों पर लगे कैमरे की लगातार निगरानी

पुलिस के अनुसार शहर के प्रमुख चौकों, बाजारों, मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर लगे कैमरे लगातार निगरानी कर रहे हैं। किसी भी वारदात की सूचना मिलते ही सबसे पहले संबंधित क्षेत्र के कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली जाती है। इससे अपराधियों के भागने का रास्ता, इस्तेमाल किए गए वाहन, उनके हुलिये और गतिविधियों का पता लगाने में काफी मदद मिलती है। कई मामलों में एक कैमरे से मिली जानकारी दूसरे कैमरे की रिकॉर्डिंग से जुड़कर पूरी घटना की कड़ी तैयार कर देती है।

### मजबूत निगरानी से अपराधियों की गिरफ्तारी में मिलती है मदद

अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में शहर में सीसीटीवी नेटवर्क को और मजबूत करने की योजना है। अधिक संवेदनशील क्षेत्रों को कैमरों से जोड़ने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा, जिससे अपराधियों की पहचान और तेज गति से हो सके। पुलिस का मानना है कि मजबूत निगरानी व्यवस्था न केवल अपराधियों की गिरफ्तारी में मदद करती है, बल्कि अपराध करने वालों में भय भी पैदा करती है।

### कैमरों की नजर में हर दिन हजारों लोगों की आवाजाही

शहर में बढ़ते तकनीकी इस्तेमाल के बीच पुलिस की यह 'तीसरी आंख' अब कानून व्यवस्था बनाए रखने का एक मजबूत हथियार बन गई है। हर दिन हजारों लोगों की आवाजाही पर नजर रखने वाले ये कैमरे कई बार ऐसे गवाह साबित होते हैं, जो न तो डरते हैं और न ही भूलते हैं। यही वजह है कि अपराधी चाहे कितनी भी चालाकी क्यों न करें, कैमरों की नजर से बच पाना उनके लिए लगातार मुश्किल होता जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अपराध व भ्रष्टाचार पर अध्ययन आयोग गठित करे सरकार: जीवन सिंह

**रोहतक।** जन सेवा ट्रस्ट हरियाणा के प्रधान जीवन सिंह ने प्रदेश सरकार से अपराध, नशा और भ्रष्टाचार की समस्या के मूल कारणों का अध्ययन कराने के लिए स्वतंत्र आयोग गठित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन तीनों समस्याओं का प्रभाव समाज और युवा पीढ़ी पर लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सिंह ने कहा कि अपराध, नशे की लत, साइबर अपराध और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियां केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं हैं, बल्कि इनके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों का भी गंभीर अध्ययन आवश्यक है।

### दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक कल से एमडीयू में

**रोहतक।** राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय कर्मचारी संगठनों के सशक्तिकरण तथा कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित पड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की प्रथम दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक में किया जा रहा है। यह बैठक 03 और 04 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से एमडीयू के आईएचटीएम संस्थान के सभागार में आयोजित होगी। इस भव्य कार्यक्रम की मेजबानी एमडीयू का गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ कर रहा है। आयोजन कर्ता एवं एमडीयू गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश कौशिक ने बताया कि इस दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एमडीयू के कुलपति प्रोफेसर मिलाप पूनिया शिरकत करेंगे। कर्मचारियों के अधिकारों और सांगठनिक मजबूती पर मंथन करने के लिए देशभर से कई वरिष्ठ पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंच रहे हैं।

## अधिकतम तापमान गिरकर 32.8 डिग्री सेल्सियस पर आया

# बारिश ने दी गर्मी व उमस से राहत, अगले चार-पांच दिन तक झमाझम के आसार

मौसम विभाग के अनुसार मानसूनी गतिविधियां फिलहाल सक्रिय बनी हुई है

▶▶ *सबसे ज्यादा बारिश सांपला क्षेत्र में 20 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा लाखनमाजरा में 15 मिलीमीटर, महम में 13 मिलीमीटर, कलानौर में 3 मिलीमीटर और रोहतक खंड में 2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में गुरुवार सुबह हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस व गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम में आए बदलाव के कारण अधिकतम तापमान गिरकर 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

मौसम विभाग ने अगले चार से पांच दिनों तक जिले में रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। सबसे ज्यादा बारिश सांपला क्षेत्र में 20 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा लाखनमाजरा में 15 मिलीमीटर, महम में 13 मिलीमीटर, कलानौर में 3 मिलीमीटर और रोहतक खंड में 2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।




### बरसात खरीफ फसलों के लिए लाभदायक

मौसम में आए बदलाव से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। पिछले कई दिनों से तेज धूप और उमस से परेशान लोग सुबह और शाम के समय घरों से बाहर निकलते दिखाई दिए। वहीं बारिश के चलते शहर की कई सड़कों पर पानी भी जमा हुआ, जिससे कुछ स्थानों पर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश खरीफ फसलों, विशेषकर धान, बाजरा और चारे की फसलों के लिए लाभदायक साबित हो सकती है। जिन किसानों ने हाल ही में धान की रोपाई की है, उन्हें सिंचाई की आवश्यकता कम पड़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसूनी गतिविधियां फिलहाल सक्रिय बनी हुई हैं। इसके चलते अगले चार से पांच दिनों तक जिले में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।



### सांपला में बारिश से सड़क पर जमा पानी

**सांपला।** गुरुवार तड़के शुरू हुई रिमझिम बारिश ने पूरे इलाके में मौसम का मिजाज बदल दिया। सुबह दो घंटे तक रुक-रुककर हुई बारिश से लोगों को कई दिनों से पड़ रही उमस और झुलसा देने वाली गर्मी से बड़ी राहत मिली। बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। किसान कई दिनों से बारिश की दुआ कर रहे थे। मौसम विभाग ने तीन दिन बारिश और पूरा सप्ताह बादल छाए रहने की संभावना जताई है। धान रोपाई के लिए यह बारिश बेहद लाभकारी है। खेतों में पर्याप्त नमी आने से रोपाई कार्य में तेजी आएगी और खरीफ फसलों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। बारिश के दौरान कई स्थानों पर पानी भरा, जिससे लोगों को गुजरने में दिक्कत हुई। इसके बावजूद मौसम सुहावना होने से लोगों के चेहरे खिल उठे। कई परिवारों और युवाओं ने पार्क व खुले स्थानों पर पहुंचकर ठंडी हवा और बारिश का लुत्फ उठाते दिखाई दिए। बाजारों में भी गर्मी से राहत मिलने के बाद लोगों की चहल-पहल देखने को मिली। कस्बे में झज्जर मार्ग, नेशनल हाईवे नंबर 9 पर भी बारिश का पानी जमा होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इससे पहले भी कस्बे में अच्छी बारिश हुई थी।






**रोहतक।** लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश शुभम, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह। फोटो: हरिभूमि

## समाधान शिविरों में शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करें अधिकारी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला मुख्यालय और उपमंडल मुख्यालयों पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एक ही स्थान पर प्राप्त की जाती हैं और उनके निपटारे की प्रक्रिया तत्काल शुरू कराई जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से हर शुक्रवार हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ के माध्यम से इन शिकायतों के निस्तारण की वर्चुअल समीक्षा भी की जाती है। डीसी ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय तथा उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिविरों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी न हो। इसी क्रम में गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगराधीश शुभम, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह तथा पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध निपटारे के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। वहीं सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी संबंधित उपमंडलाधीशों की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के समाधान शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी तथा भाजपा प्रतिनिधि सतीश चौधरी और डॉ. अंकुश बिड्डू भी मौजूद रहे।




## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर पंचमुखी बीएलएस अभियान लॉन्च

**रोहतक।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) रोहतक सिटी शाखा द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर भव्य एवं बहुआयामी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक सरोकार, स्वास्थ्य जागरूकता और जन-सेवा से जुड़े कई सत्र आयोजित किए गए। दिन की शुरुआत एक विशाल रक्तदान शिविर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य व रक्त जांच शिविर से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। साथ ही, स्कूली बच्चों के लिए 'स्वस्थ भारत' और 'प्राथमिक उपचार का महत्व' जैसे विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सायंकालीन मुख्य समारोह का आयोजन राधा कृष्ण ऑडिटोरियम में हुआ, जिसका मुख्य आकर्षण पंचमुखी बीएलएस सेव ए लाइफ मिशन का पावर लॉन्च रहा। आईएमए रोहतक सिटी शाखा के अध्यक्ष डॉ. अमित मान ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य रोहतक के प्रत्येक परिवार तक बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) और सीपीआर का प्रशिक्षण पहुंचाना है, ताकि आपातकाल में कीमती जानें बचाई जा सकें। इसके तहत आगामी महीनों में स्कूल, कॉलेज, पुलिस विभाग और सामाजिक संगठनों में नियमित ट्रेनिंग कैंप लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोहतक के पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पीजीआईएमएस रोहतक के निदेशक प्रो. डॉ. सुरेश सिंह और वरिष्ठ चिकित्सक शामिल हुए। इस गरिमामयी अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 70 डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। साथ ही, सामाजिक कार्यों के लिए 'हरि ओम सेवा दल' और 'मानव सेवा संघ' को भी मंच से नवाजा गया। मंच का कुशल संचालन सचिव डॉ. मनोज रावल और डॉ. सोनिका मान ने किया। इस दौरान डॉ. एस.एल. वर्मा, डॉ. चुघ, डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. रमेश बंसल, डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. रविंदर चौधरी, डॉ. एस. गुलाटी, डॉ. बामल, डॉ. रविंदर हुड्डा और डॉ. दिनेश तोमर सहित शहर के कई प्रतिष्ठित चिकित्सक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया कुपोषण जागरूकता अभियान




**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने गुरुवार को अर्पण संस्थान का दौरा कर बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण और उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जुलाई और अगस्त में चलाए जा रहे कुपोषण जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया गया। डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि अभियान का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की रोकथाम, संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। इन कार्यक्रमों में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, खाद्य एवं आपूर्ति तथा शिक्षा विभाग का सहयोग रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक पोषण संबंधी जानकारी पहुंचाई जा सके। डॉ. तरन्नुम खान ने बच्चों को बताया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित विधिक साक्षरता कार्यक्रमों के माध्यम से संतुलित आहार, पोषण संबंधी अधिकार, मिड-डे मील, एनीमिया की रोकथाम, मासिक धर्म स्वच्छता और विभिन्न बाल स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

## एमडीयू शिक्षक संघ चुनाव: अध्यक्ष व सचिव पद पर मुकाबला

*कोषाध्यक्ष और सभी कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित, चुनाव 6 जुलाई को*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** अध्यक्ष पद के लिए डॉ. प्रदीप गहलोत नामांकन भरते हुए व अध्यक्ष पद के लिए डॉ. वनीत रोज नामांकन भरती हुई।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (मडूटा) के वर्ष 2026 के चुनाव में अध्यक्ष और सचिव पद पर मतदान होगा, जबकि कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्य पदों पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। मतदान 6 जुलाई को करवाया जाएगा।

मडूटा प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी प्रो. वजीर नेहरा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए डॉ. प्रदीप गहलोत (यूआईईटी), डॉ. हरकेश सहरावत (यूआईईटी) तथा डॉ. वनीता रोज (शिक्षा विभाग) के आवेदन आये हैं, वहीं सचिव पद के लिए डॉ. महेश कुमार (फार्मास्युटिकल साइंसेज) और डॉ. सपना शर्मा (फॉरेंसिक साइंस) ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उन्होंने बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर अरुण हुड्डा, यूआईईटी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए डॉ. नवीन खटक, डॉ. अनिल सांगवान, डॉ. गोल्डी पुरी, डॉ. दिव्या, डॉ. राजेश, डॉ. सविता राठी, डॉ. सपना तथा डॉ. महेंद्र भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। मडूटा के चुनाव के लिए 6 जुलाई को अध्यक्ष और सचिव पद के लिए मतदान कराया जाएगा। मतदान विश्वविद्यालय परिसर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगा। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों के अनुरूप पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है। मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी राधेश्याम शर्मा भी उपस्थित रहे।

## बायोटेक्नोलॉजी वर्तमान समय की सबसे तेजी से विकसित हो रही इंजीनियरिंग शाखाओं में शामिल

# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी की 40 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मिशन एडमिशन

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीटेक बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 19 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

यूआईईटी निदेशक प्रो विनीत सिंगला ने बताया कि बायोटेक्नोलॉजी वर्तमान समय की सबसे तेजी से विकसित हो रही इंजीनियरिंग शाखाओं में शामिल है। यह जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, अभियांत्रिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के समन्वय से स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और उद्योग के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित कर रही है। वैक्सीन और नई दवाओं के विकास, जीन एडिटिंग, स्टेम सेल अनुसंधान, कैंसर एवं आनुवंशिक रोगों के उपचार, जैव ईंधन, खाद्य प्रसंस्करण, अपशिष्ट जल उपचार तथा जैव उर्वरकों के विकास जैसे क्षेत्रों में बायोटेक्नोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत सहित विश्व भर में बायोटेक्नोलॉजी विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। देश की अग्रणी फार्मा एवं बायोटेक कंपनियों के साथ-साथ अमेरिका, यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों में इस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं शोध के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। इस पाठ्यक्रम के बाद विद्यार्थी फार्मास्यूटिकल्स, बायोफार्मा, कृषि जैव प्रौद्योगिकी, खाद्य उद्योग, पर्यावरण संरक्षण, क्लीनिकल रिसर्च, फॉरेंसिक विज्ञान, बायोइनफॉर्मेटिक्स, स्टार्टअप तथा उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।




## एमडीयू में एमपीएड अभ्यर्थियों की पीईटी आज, 218 आवेदन आए

- सुबह 8 :30 बजे से होगी परीक्षा, मूल पहचान पत्र और आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी साथ लाना अनिवार्य

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एमपीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 3 जुलाई को शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन किया जाएगा। एमपीएड में 40 सीटों पर 218 आवेदन आए व 181 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई। विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी ने बताया कि परीक्षाएं सुबह 8:30 बजे से डॉ. मंगल सेन इंडोर हॉल (जिम्नेजियम हॉल), स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, एमडीयू रोहतक में होंगी। विभागाध्यक्ष ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले परीक्षा स्थल पर पहुंचना होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी या अन्य वैध मूल पहचान पत्र के साथ प्रवेश आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी तथा सभी शैक्षणिक एवं खेल प्रमाण-पत्रों की हार्ड कॉपी लाना अनिवार्य है।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

### लक्ष्मी नगर में घर से चोरी का मामला 24 घंटे में सुलझा, आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने लक्ष्मी नगर स्थित एक मकान में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। लक्ष्मी नगर निवासी आशा की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शिकायत के अनुसार, एक जुलाई को उनके मकान से बाथरूम की टोटी और दो पानी की मोटर चोरी हो गई थीं। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक राममेहर को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो जुलाई को आरोपी दिनेश पुत्र सुरेंद्र, निवासी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की अपराध शाखा महम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता मनीष कुमार ने बताया कि अपराध शाखा महम के प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में मुख्य सिपाही संदीप की टीम एक जुलाई को जींद बाईपास गोलचक्कर के पास कृष्णा डेयरी के नजदीक गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर टीम ने रोहतक-जींद रोड स्थित टिटौली फ्लाईओवर के नीचे खड़े एक संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में युवक ककी पहचान टिटौली निवासी रोहित पुत्र राजबीर के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए।

## अब युवाओं में शहर और यूनिवर्सिटी के कैंपस का क्रेज ग्रामीण क्षेत्रों में फेकल्टी कम, कैंपस भी नहीं रिझा पा रहे कोर्स भी कम, मुंह मोड़ रहे छात्र, इसलिए संख्या रही कम

# ग्रामीण कॉलेजों में सीटें खाली, शहरी में भी घटा छात्रों का रुझान, आवदेन की तिथि 12 जुलाई तक बढ़ाई

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उच्च शिक्षा में दाखिले का बदलता रुझान सरकारी कॉलेजों के लिए नई चुनौती बनता जा रहा है। सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेजों पर दिखाई दे रहा है, जहां बड़ी संख्या में सीटें खाली रह जा रही हैं। वहीं, शहरी सरकारी कॉलेजों में भी पहले की तुलना में छात्रों का रुझान कम हुआ है। जानकारों का मानना है कि युवा अब शहरों और विश्वविद्यालय परिसरों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जहां आधुनिक कैंपस, अनुभवी फैकल्टी, रोजगारपरक पाठ्यक्रम और प्लेसमेंट की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्रामीण कॉलेजों में सीमित पाठ्यक्रम, शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत सुविधाएं और रोजगारोन्मुखी कोर्स का अभाव छात्रों को आकर्षित नहीं कर पा रहा है। दूसरी ओर, निजी कॉलेज और विश्वविद्यालय आधुनिक सुविधाओं तथा उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों की पहली पसंद बन रहे हैं। थिति यह है कि दाखिलों का लक्ष्य पूरा करने के लिए कॉलेजों को बार-बार प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ानी पड़ रही है। अब यूजी में दाखिलों के लिए 12 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे। इसके बावजूद विशेषकर ग्रामीण कॉलेजों में कई सीटें खाली रह जाती हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ग्रामीण कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण फैकल्टी, नए रोजगारपरक कोर्स, आधुनिक प्रयोगशालाएं और बेहतर कैंपस सुविधाएं विकसित नहीं की गईं, तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और गंभीर हो सकती है।



एआई जेनरेटेड

### यहां भी हर साल आ रही गिरावट

चौंकाने वाली बात यह है कि केवल ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेजों में ही नहीं, बल्कि शहर के प्रतिष्ठित और बड़े शिक्षण संस्थानों में भी विद्यार्थियों का रुझान लगातार कम हो रहा है। शहर के दो सबसे प्रमुख और बड़े कॉलेज पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज और आई.सी. कॉलेज दोनों में ही हर साल आवेदनों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है।

### टेक्नोलॉजी ने बदला तरीका : डॉ. यशपाल सिंह



जुलाना में सरकारी कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. यशपाल सिंह ने कहा कि आज की और पहले की पढ़ाई में जमीन-आसमान का फर्क आ चुका है। पहले के समय में जानकारी का मुख्य स्रोत शिक्षक थे। आज टेक्नोलॉजी के दौर में बच्चों के पास फोन के जरिए हर जानकारी पहले से मौजूद है। अब शिक्षक का काम यह बताना रह गया है कि कौन सी जानकारी सही है और कौन सी गलत। शिक्षक अब बच्चों का सही मार्गदर्शन कर सकते हैं और उन्हें मोटिवेट (प्रेरित) कर सकते हैं। हालांकि के सबसे गंभीर पहलू पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 4-5 सालों से शिक्षा विभाग में रहते हुए वे यह महसूस कर रहे हैं कि आखिर बच्चों को किस आधार पर प्रेरित किया जाए।

**नौकरी का अनिश्चित भविष्य :** शिक्षा का बड़ा मकसद नौकरी या बेहतर करियर होता है। लेकिन आज स्थिति यह है कि बीएससी, बीटेक, एमबीए या कोई भी अन्य कोर्स करने के बाद नौकरी मिलेगी या नहीं, इसकी गारंटी नहीं।

**उच्च शिक्षित भी बेरोजगार:** आज के समय में पीएचडी करने वाले युवा भी रोजगार के लिए भटक रहे हैं। यहां तक कि देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईटी और आईआईएम से निकले छात्र भी प्लेसमेंट और बिजनेस के मोर्चे पर संघर्ष कर रहे हैं और बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।

### दाखिले की दौड़ सुस्त

उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले की दौड़ इस बार सुस्त नजर आ रही है। स्थिति को देखते हुए कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। जो विद्यार्थी किसी कारणवश अब तक आवेदन नहीं कर पाए थे, वे अब 12 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राजकीय कॉलेज मोखरा में 161 सीटों पर केवल 91 आवेदन आए है। वहीं राजकीय महिला कॉलेज लाखनमाजरा में 540 सीटों पर 321 आवेदन आए हैं।

## नलों से आ रहा काला पानी, टंकियां और पाइप खराब, बीमारियों का खतरा बढ़ा

# अशोक नगर, कृष्ण नगर और हनुमान कॉलोनी में दूषित पेयजल से हाहाकार

**1 लोगों का आरोपः लंबे समय से नहीं सुधर रही व्यवस्था**

**रोहतक।** शहर के गोहाना अड्डा के साथ लगते अशोक नगर, कृष्ण नगर और हनुमान कॉलोनी के निवासी पिछले काफी समय से दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि घरों में नलों से साफ पानी की जगह काले रंग का दूषित पानी आ रहा है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों का जनस्वास्थ्य विभाग के प्रति आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।स्थानीय निवासी रूप कुमार, अनिल गोयल, अजय परूथी, विकास, सुभाष ने बताया कि दूषित पानी की समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। नलों से आने वाला पानी इतना गंदा और काला होता है कि उसका उपयोग पीने तो दूर, घरेलू कार्यों के लिए भी करना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि इस गंदे पानी के कारण घरों की छतों पर लगी पानी की टंकियां पूरी तरह गंदी हो चुकी हैं। वहीं पानी की पाइपलाइन और घरों के अंदर लगे नलों की पाइपों में भी जंग लगने और सड़ने जैसी स्थिति पैदा हो गई है। दूषित पानी की वजह से कई लोगों की तबीयत भी खराब हुई है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में पेट संबंधी परेशानियां और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि गंदे पानी के कारण हर समय बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है, लेकिन संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या को लेकर संवेदनशील नजर नहीं आ रहा।

**2 शिकायतों के बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग नहीं कर रहा समाधान**



### यहां नई लाइन डाली जाए

लोगों का कहना है कि यहां की पुरानी लाइन को बदल नई डाली जाए। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों की पेयजल पाइपलाइन की जांच कराई जाए, दूषित पानी के कारणों का पता लगाया जाए और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### विभाग को अवगत करवाने के बाद भी समाधान नहीं

स्थानीय लोगों ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायत दी जा चुकी है। अधिकारियों को मौके की स्थिति से भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक न तो पानी की गुणवत्ता की जांच कराई गई और न ही दूषित जलापूर्ति के कारणों का स्थायी समाधान किया गया। लोगों का आरोप है कि विभाग केवल आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है। दूषित पेयजल के कारण कई परिवारों को पीने के लिए बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है।



### कन्हेली रोड पर पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से एक सप्ताह से पानी को तरसे लोग

- हजारों लीटर पानी रोज हो रहा बर्बाद, कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुई मरम्मत
- मुख्य सड़क पर खुले गड्ढे से हादसे का भी खतरा

**रोहतक।** कन्हेली रोड पर रेन वाटर (बरसाती पानी निकासी) की पाइपलाइन बिछाने का कार्य स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। करीब एक सप्ताह पहले शुरू किए गए इस कार्य के दौरान पेयजल आपूर्ति की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण पिछले सात दिनों से क्षेत्र के अनेक घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। स्थिति यह है कि एक ओर लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं तो दूसरी ओर पाइपलाइन से लगातार हो रहे रिसाव के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। समाजसेवी जसबीर कुमार, जयराम, अजय कुमार, विपुल का कहना है कि रेन वाटर की पाइप डालने के दौरान लापरवाही बरती गई, जिससे पेयजल लाइन में लीकेज हो गया। इसके बाद से पानी का दबाव कम हो गया है और कई घरों में पानी पहुंचना पूरी तरह बंद हो गया है। गर्मी के मौसम में लगातार पेयजल संकट के कारण लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों के अनुसार इस समस्या की जानकारी कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है। विभाग के एसडीओ, जेई तथा अन्य अधिकारियों को भी बार-बार अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक न तो लीकेज ठीक किया गया और न ही पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया। लोगों का आरोप है कि अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं, जबकि मौके पर समस्या जस की तस बनी हुई है।

## जन स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए नोटिस

# मकड़ौली सहित आसपास के गांवों से काटे जाएंगे अवैध कनेक्शन

» *एक सप्ताह का दिया समय, पानी की चल रही है किल्लत, मकड़ौली के ग्रामीणों ने दी थी धरने की चेतावनी*

» *एक्सईएन से भी कर चुके ग्रामीण मुलाकात, पानी की समस्या का नहीं हो रहा समाधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मकड़ौली सहित आसपास के गांवों में लगातार गहराते पेयजल संकट के बीच जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) अब सख्त कार्रवाई के मूड में है। विभाग ने अवैध जल कनेक्शनों पर शिकंजा कसते हुए संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए हैं और एक सप्ताह के भीतर स्वयं कनेक्शन हटाने या नियमित करवाने के निर्देश दिए हैं। तय समय सीमा के बाद विभाग की टीम अभियान चलाकर सभी अवैध कनेक्शन काटेगी। अधिकारियों का मानना है कि बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन होने के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है, जिससे नियमित उपभोक्ताओं तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा। पिछले कई दिनों से मकड़ौली गांव में पेयजल संकट गंभीर बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें जरूरत के अनुसार पानी नहीं मिल रहा, जिससे रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीण जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन से भी मुलाकात कर चुके हैं। बावजूद इसके स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इसके बाद विभाग ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध कनेक्शनों की पहचान का अभियान तेज कर दिया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जांच में सामने आया है कि मकड़ौली और आसपास के कई गांवों में बिना अनुमति लिए सीधे पाइपलाइन से जल कनेक्शन जोड़ लिए गए हैं। इससे न केवल विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि मुख्य लाइन का दबाव भी कम हो जाता है, जिसका सीधा असर अंतिम छोर पर रहने वाले उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। इसी कारण कई इलाकों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच रहा। जन स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि नोटिस मिलने के बाद संबंधित लोगों के पास केवल एक सप्ताह का समय है। इस अवधि में यदि अवैध कनेक्शन नहीं हटाए गए तो विभाग बिना किसी अतिरिक्त सूचना के उन्हें काट देगा। अभियान के दौरान आवश्यक होने पर पुलिस प्रशासन का सहयोग भी लिया जा सकता है।गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से मकड़ौली के ग्रामीण पानी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने विभाग को चेतावनी दी थी कि यदि पानी की सप्लाई सुचारु नहीं हुई तो वह धरना देने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया



**रोहतक।** गांव बलम्भा भूचान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सतपाल सरपंच ने किया। शिविर में सेवानिवृत्त वरिष्ठ नेत्र अधिकारी डॉ. उमेद सिंह खत्री ने अपनी टीम के साथ 166 लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 12 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिन्हें आगे के उपचार के लिए परामर्श दिया गया। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर बबली नर्सिंग सिस्टर तथा परवीन कौशिक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## » मानसून से पहले नाला सफाई अभियान तेज

# निगम अधिकारियों ने किया विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

**रोहतक।** आगामी मानसून को देखते हुए नगर निगम ने शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विशेष नाला सफाई अभियान तेज कर दिया है। निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि शहर के मुख्य और सहायक नालों की व्यापक स्तर पर सफाई करवाई जा रही है, ताकि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।अभियान के तहत संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे नाला सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने छोटूराम चौक, हिसार रोड, पालिका बाजार, गौकर्ण, कच्चा बेरी रोड, माता दरवाजा चौक, राहड़ रोड सहित कई स्थानों पर पहुंचकर सफाई कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान नालों से निकाली जा रही सिल्ट, जल प्रवाह की स्थिति तथा सफाई कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नालों की सफाई केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि पूरी गहराई और चौड़ाई तक प्रभावी ढंग से की जाए। साथ ही नालों से निकाली गई सिल्ट और कचरे का तत्काल उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि सड़क किनारे गंदगी न फैले और यातायात प्रभावित न हो।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



रोहतक। गांधी कैंप की कुकरो वाली गली में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। 27 जून से प्रारंभ होकर 3 जुलाई 2026 तक चलने वाली इस पावन कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा का आयोजन प्रतिदिन सायं 4:00 बजे से 7:00 बजे तक किया जा रहा है। पांचवें दिन कथावाचक ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति के महत्व तथा मानव जीवन में धर्म, सेवा और सदाचार के मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भजन-कीर्तन में भी पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराईं। स्थानीय नागरिकों ने भी आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग दिया और इसे क्षेत्र की धार्मिक एकता एवं सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताया। समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे 3 जुलाई तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा में परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठाएं तथा धर्म और संस्कारों से जुड़ने का अवसर प्राप्त करें।

**प्रक्रिया** हर रोज अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में 100 के करीब लोग पहुंच रहे उम्र का सत्यापन कराने

# अगले दो साल में पेंशन पात्र होने वालों की जन्मतिथि का सत्यापन शुरू

### हर महीने बनकर आती है नई पेंशन की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अगले दो वर्षों के दौरान वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए पात्र होने वाले लोगों की जन्मतिथि का सत्यापन कराने की प्रक्रिया सरकार ने पहले ही शुरू कर दी है। इसके लिए परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी) के आधार पर संबंधित लोगों को मोबाइल पर संदेश भेजे जा रहे हैं। संदेश मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग जिला विकास भवन पहुंचकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार प्रतिदिन करीब 100 लोग सत्यापन के लिए पहुंच रहे हैं। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में वृद्धावस्था पेंशन शुरू होने के समय पात्र व्यक्तियों की आयु संबंधी किसी प्रकार की विसंगति या दस्तावेजी विवाद सामने न आए। इसी कारण पहले से ही जन्मतिथि का मिलान कराया जा रहा है। सत्यापन के दौरान सबसे अधिक महत्व मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी कार्ड) को दिया जा रहा है। इसके आधार पर जन्मतिथि का रिकॉर्ड मिलान कर आवश्यक संशोधन या पुष्टि की जा रही है। जिन लोगों को मोबाइल पर संदेश प्राप्त हुआ है, उन्हें निर्धारित समय के भीतर जिला विकास भवन पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। सत्यापन के दौरान अधिकारी परिवार पहचान पत्र में दर्ज जन्मतिथि का मिलान उपलब्ध दस्तावेजों से कर रहे हैं। यदि रिकॉर्ड में किसी प्रकार का अंतर मिलता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कई मामलों में अलग-अलग सरकारी दस्तावेजों में जन्मतिथि अलग दर्ज होने के कारण भविष्य में पेंशन स्वीकृति के समय दिक्कतें आती हैं। ऐसे मामलों से बचने के लिए यह अभियान पहले ही शुरू किया गया है, ताकि पात्र व्यक्ति निर्धारित आयु पूरी करते ही बिना अनावश्यक देरी के योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

### पात्र लोगों को समय पर मिल सकेगा लाभ

*जिला विकास भवन में प्रतिदिन पहुंचने वाले लोगों की सुविधा के लिए अलग व्यवस्था भी की गई है, जिससे सत्यापन प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से पूरी हो सके। अधिकारियों ने संदेश प्राप्त करने वाले लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित समय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर अपना सत्यापन अवश्य कराएं। इससे भविष्य में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता शुरू कराने की प्रक्रिया सरल होगी और दस्तावेजों में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर उसे समय रहते दूर किया जा सकेगा। यह प्रक्रिया केवल उन व्यक्तियों के लिए शुरू की गई है, जिनकी आयु अगले दो वर्षों में वृद्धावस्था पेंशन की पात्रता सीमा तक पहुंचने वाली है। ऐसे लोगों को परिवार पहचान पत्र के आधार पर चरणबद्ध तरीके से मोबाइल संदेश भेजे जा रहे हैं। प्रशासन का मानना है कि समय रहते जन्मतिथि का सत्यापन पूरा होने से पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुचारु बनेगी तथा पात्र लोगों को योजना का लाभ समय पर मिल सकेगा।*